# सार्वभौमकि स्वास्थ्य देखभाल हासलि करना

यह एडटिोरयिल 13/04/2022 को 'द हदिू' में प्रकाशति "HOPS as a Route to Universal Health Care" लेख पर आधारति है। इसमें सार्वभौमकि स्वास्थ्य देखभाल (UHC) की अवधारणाओं और UHC के लयि 'वैकल्पकि सार्वजनकि सेवा के रूप में स्वास्थ्य देखभाल' (HOPS) ढाँचे के बारे चर्चा की गई है।

## संदर्भ

कोवडि-19 संकट ने एक ऐसे वषिय के पुनरुद्धार का सुअवसर प्रदान कयिा है जसिके भारत में साकार होने की गत मिंद रही है। यह वषिय है- सार्वभौमकि स्वास्थ्य देखभाल (Universal Health Care- UHC)।

सार्वभौमकि स्वास्थ्य देखभाल को सुदृढ़, उत्तरदायी और कुशल स्वास्थ्य प्रणालयिों के नरि्माण के एक मार्ग के रूप में देखा जाता है, जो स्वास्थ्य देखभाल तथा दवा की बढ़ती लागत से आबादी को बचाने के साथ-साथ स्वास्थ्य देखभाल की मांगों में बढ़ती असमानताओं को दूर कर सकने में सक्षम है।

## सार्वभौमकि स्वास्थ्य देखभाल (UHC)

- UHC में नहिति मूल वचिार यह है क भिुगतान कर सकने की क्षमता की कमी के कारण कसिी को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल से वंचति नहीं कयिा जाना चाहयि। हाल के समय में UHC मानव न्यायसंगतता, सुरक्षा और गरमिा के लयि एक महत्त्वपूर्ण संकेतक बन गया है।
- UHC दुनयिा भर में सार्वजनकि नीत कि एक स्वीकृत उद्देश्य बन गया है। कई देशों में इस दृष्टकिोण को साकार कयिा गया है, जनिमें केवल अमीर देश (अमेरकिा को छोड़कर) ही नहीं बल्क ब्राजील, चीन, श्रीलंका और थाईलैंड जैसे अन्य देश भी शामलि हैं।
- भारत (या कम से कम कुछ भारतीय राज्यों) के लयि भी इस दशिा में कदम बढ़ाने का यह उपयुक्त समय होगा।

## UHC को साकार करने की राह

- UHC आम तौर पर दो बुनयिादी दृष्टकिोणों—सार्वजनकि सेवा और सामाजकि बीमा में से एक पर या दोनों पर नरि्भर होता है। पहले दृष्टकिोण के तहत स्वास्थ्य देखभाल नःिशुल्क सार्वजनकि सेवा के रूप में (जसि प्रकार अग्नशिमन या सार्वजनकि पुस्तकालय सेवा उपलब्ध होती है) प्रदान कयिा जाता है।
- दूसरा दृष्टकिोण अर्थात् सामाजकि बीमा प्रदान करने का दृष्टकिोण स्वास्थ्य देखभाल के नजिी और सार्वजनकि प्रावधान दोनों की अनुमत दिेता है, लेकनि लागत अधकिांशतः मरीज के बजाय सामाजकि बीमा कोष द्वारा वहन की जाती है।
  - यह नजिी बीमा बाज़ार से बेहद अलग स्थति हिै जहाँ बीमा अनवािर्य और सार्वभौमकि है, जो मुख्य रूप से सामान्य कराधान से वत्तिपोषति है तथा सार्वजनकि हति में एकल गैर-लाभकारी एजेंसी द्वारा परचिालति है।
    - मूल सद्धिांत यह है क सिभी को इसके दायरे में लयिा जाना चाहयि और बीमा नजिी लाभ के बजाय सार्वजनकि हति की ओर उन्मुख हो।

## UHC के मार्ग की चुनौतयिाँ

- **जन स्वास्थ्य केंद्रों की अनुपलब्धता:** सामाजकि बीमा पर आधारति व्यवस्था में भी लोक सेवा एक आवश्यक भूमकिा नभिाती है। प्राथमकि स्वास्थ्य देखभाल और नवािरक कार्यों के लयि समर्पति सार्वजनकि स्वास्थ्य केंद्रों की अनुपलब्धता रोगयिों के लयि हर दूसरे दनि महँगे अस्पतालों में जाने का जोखमि पैदा करती है। इससे पूरी प्रणाली ही बेकार और महँगी हो जाती है।
- **लागत पर नयिंत्रण:** सामाजकि बीमा के साथ लागत को नयिंत्रति करना एक बड़ी चुनौती है, क्योंक मिहँगे देखभाल में मरीजों और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं दोनों की ही रुच हिै; एक बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करना चाहता और दूसरा कमाई करना।
  - एक संभावति उपाय यह है क रिोगी को लागतों का वहन करने दयिा जाए लेकनि यह फरि UHC के सद्धिांत के वपिरीत है।
  - हाल के साक्ष्य बताते हैं क छिोटे सह-भुगतान भी प्रायः कई गरीब रोगयिों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल से दूर कर देते हैं।
- **UHC के तहत सेवाओं की पहचान करना:** एक और बड़ी चुनौती यह पहचान करने की है क आिरंभ में कौन सी सेवाएँ सार्वभौमकि रूप से प्रदान की

जानी हैं और किस स्तर की वित्तीय सुरक्षा स्वीकार्य मानी जाएगी।
    - समग्र आबादी को एक ही तरह की सेवाएँ प्रदान करना आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं है और इसके लिये भारी संसाधन जुटाने की आवश्यकता होगी।
- **निजी क्षेत्र का विनियमन:** सामाजिक बीमा से संबद्ध एक और चुनौती निजी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को विनियमित करने की होगी। लाभकारी और गैर-लाभकारी प्रदाताओं के बीच एक महत्त्वपूर्ण अंतर करने की आवश्यकता है।
    - गैर-लाभकारी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं ने दुनिया भर में बहुत अच्छा कार्य किया है।
    - लेकिन लाभकारी स्वास्थ्य देखभाल गहन रूप से समस्याग्रस्त है, क्योंकि वहाँ लाभ कमाने के उद्देश्य और रोगी की भलाई के बीच एक व्यापक संघर्ष की स्थिति पाई जाती है।

## HOPS फ्रेमवर्क क्या है और यह UHC की प्राप्ति में कैसे मदद करेगा?

- **परिचय:** UHC के लिये एक ऐसे ढाँचे की परिकल्पना करना संभव है जो मुख्य रूप से सार्वजनिक सेवा के रूप में स्वास्थ्य देखभाल पर आधारित होगा। इस ढाँचे या फ्रेमवर्क को 'वैकल्पिक सार्वजनिक सेवा के रूप में स्वास्थ्य देखभाल' (Healthcare As An Optional Public Service- HOPS) कहा जा सकता है।
    - HOPS के तहत सभी को उनकी इच्छा और आवश्यकता के अनुसार किसी सार्वजनिक संस्थान से निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने का कानूनी अधिकार होगा। यह किसी को भी स्वयं के व्यय पर निजी क्षेत्र से स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने से अवरुद्ध नहीं करेगा।
    - लेकिन सार्वजनिक क्षेत्र हर किसी को अधिकार की तरह और निःशुल्क उपयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं की गारंटी देगा।
- **उदाहरण:** कुछ भारतीय राज्य पहले से ही ऐसा कर रहे हैं, जैसे केरल और तमिलनाडु जहाँ सार्वजनिक क्षेत्र में अधिकांश बीमारियों का इलाज मामूली व्यय पर संतोषजनक ढंग से किया जा सकता है।
- **महत्त्व:** यदि सार्वजनिक क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल निःशुल्क उपलब्ध होगा तो अधिकांश रोगियों के पास निजी क्षेत्र में जाने का कोई कारण नहीं होगा।
    - सार्वजनिक क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध नहीं होने वाली कवर प्रक्रियाओं में मदद कर सामाजिक बीमा भी इस ढाँचे में एक भूमिका निभा सकता है (उदाहरण के लिये, हाई-एंड सर्जरी)।
    - हालाँकि HOPS आरंभ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा मॉडल की तरह समतावादी नहीं होगा, फिर भी यह UHC की ओर एक बड़ा कदम होगा।
        - इसके अलावा, यह समय के साथ और अधिक समतावादी होता जाएगा, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत व बढ़ती शृंखला प्रदान करता है।

## आगे की राह

- **जीवंत स्वास्थ्य प्रणाली:** एक जीवंत स्वास्थ्य प्रणाली में न केवल अच्छा प्रबंधन और पर्याप्त संसाधन शामिल होंगे, बल्कि एक अच्छी कार्य-संस्कृति और पेशेवर नैतिकता भी शामिल होगी।
    - एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी अद्भुत काम कर सकता है, लेकिन तब जब डॉक्टर और नर्स तत्परता से अपना कार्य तथा मरीजों की देखभाल कर रहे हों।
- **UHC के लिये मानक:** HOPS ढाँचे के साथ मुख्य कठिनाई गुणवत्ता मानकों सहित प्रस्तावित स्वास्थ्य देखभाल गारंटी के दायरे को निर्दिष्ट करना है। UHC का अर्थ असीमित स्वास्थ्य देखभाल नहीं है। सार्वभौमिक गारंटी की भी अपनी सीमाएँ होती हैं।
    - HOPS समय के साथ इन मानकों को संशोधित करने के लिये एक विश्वसनीय पद्धति के साथ कुछ स्वास्थ्य देखभाल मानकों को निर्धारित कर सकेगा। भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक जैसे कुछ उपयोगी तत्व पहले से ही उपलब्ध हैं।
- **स्वास्थ्य पर राज्य विशिष्ट कानून:** तमिलनाडु अपने प्रस्तावित 'स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक' के तहत HOPS को साकार करने के लिये तैयार है। राज्य पहले से ही सार्वजनिक क्षेत्र में अधिकांश स्वास्थ्य सेवाएँ बेहतर प्रभावशीलता से उपलब्ध कराने में सफल रहा है।
    - स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक सभी के लिये गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल हेतु राज्य की प्रतिबद्धता की एक अमूल्य पुष्टि होगी; यह रोगियों और उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की मांग करने के लिये सशक्त करेगा, जिससे प्रणाली को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।
    - तमिलनाडु की पहल अन्य राज्यों के लिये अनुकरणीय हो सकती है।
- **स्वास्थ्य वित्त पोषण:** UHC की प्राप्ति के लिये यह महत्त्वपूर्ण है कि सरकारें अपने देश की स्वास्थ्य वित्तपोषण प्रणाली में हस्तक्षेप करें ताकि गरीबों और कमज़ोर लोगों का समर्थन किया जा सके।
    - इसके लिये अनिवार्य सार्वजनिक शासित स्वास्थ्य वित्तपोषण प्रणाली स्थापित करने की आवश्यकता है, जिसमें जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये उपयुक्त रूप से धन जुटाने, संसाधनों का निवेश करने और सेवाओं को खरीद में राज्य की मज़बूत भूमिका हो।
    - सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों के लिये अधिक लक्षित वित्तपोषण देखभाल और पहुँच की गुणवत्ता के संबंध में अंतर्निहित कमज़ोरियों से निपटने में मदद करेगा, दवाओं पर 'आउट-ऑफ-पॉकेट' व्यय को कम करेगा और मानव संसाधन एवं अवसंरचना की कमी में सुधार करेगा।

**अभ्यास प्रश्न:** ''कोई भी समाज वैध रूप से स्वयं को सभ्य नहीं कह सकता यदि किसी बीमार व्यक्ति को साधनों की कमी के कारण चिकित्सा सहायता से वंचित कर दिया जाता हो।'' टिप्पणी कीजिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/achieving-universal-health-care